कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)

डाण्डा लखौण्ड,सहस्त्रधारा रोड, देहरादून–248001

ई.मेलः- mdnhmuk@gmail.comफोन / फैक्स 0135-2608646

पत्रांकः UKHFWS/NHM/NCD/2016/NTCP Letters-III/ 631 दिनांकः 24 / मई / 2022

तत्काल / अतिआवश्यक / महत्वपूर्ण / समयबद्ध

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तराखण्ड।

विषय– राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) के अन्तर्गत "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" 31 मई, 2022 के अवसर पर संचालित तम्बाकू निषेध अभियान हेतु जनपद में कॉलेज/स्कूल/ संस्थान को चिन्हित कर समापन समारोह के आयोजन विषयक।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) के अन्तर्गत **"विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" 31 मई, 2022** के अवसर पर एक माह दिनांक (01 मई से 31 मई, 2022 तक) तम्बाकू नियंत्रण हेतु **"आओ गाँव चलें, उत्तराखण्ड को तम्बाकू मुक्त करें"** अभियान के शुभारम्भ में मा0 स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा की गयी घोषणाओं के अनुपालन के क्रम में जनपद स्तर पर गतिविधियाँ आयोजित करने हेतु जनपदों को पत्र संख्या–UKHFWS/NHM/NCD/2016/NTCP Letters-III/614, दिनांक 23.05.2022 द्वारा निर्देशित किया गया था।

उक्त के क्रम में दिनांक 31 मई, 2022 के अवसर पर समापन समारोह का आयोजन अतिविशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया जाना है। जिस हेतु प्रत्येक जनपद में कॉलेज/स्कूल/संस्थान को चिन्हित किया जायेगा। प्रत्येक गणमान्य व्यक्ति अपने विधान सभा क्षेत्र में तथा ग्राम प्रधान पंचायत स्तर पर तम्बाकू निषेध दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

अतः **"विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" 31 मई, 2022** के अवसर पर **"आओ गाँव चलें, उत्तराखण्ड को तम्बाकू मुक्त करें"** अभियान के समापन समारोह के आयोजन हेतु उक्तानुसार जनपद स्तर पर स्थान चिन्हित करते हुए समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन करना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्ययोजना तत्काल मिशन निदेशक कार्यालय को उपलब्ध करायें।

भवदीया,

(डा0 सरोज नैथानी)
निदेशक (एन0एच0एम0)

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, समस्त जनपद, उत्तराखण्ड।

(डा0 सरोज नैथानी)
निदेशक (एन0एच0एम0)